पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

ग्रामीण क्षेत्रों में असंक्रामक रोगों के प्रति जागरूक बढ़ायें - राज्यपाल

लखनऊ: 8 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज कैंसर ऐड सोसायटी के 28वें स्थापना दिवस पर राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में एन0सी0डी0 (नाॅन कम्यूनिकेबल डिजीज) एक्सप्रेस का अनावरण किया। 8 दिसम्बर असंक्रामक रोग जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कैंसर ऐड सोसायटी एन0सी0डी0 एक्सप्रेस के माध्यम से उत्तर प्रदेश से शुरू होकर पूरे देश में असंक्रामक रोगों के खिलाफ जागरूकता पैदा करेगी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर एवं अन्य असंक्रामक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। जागरूकता अभियान में स्वयंसेवी संस्थायें महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। कई संस्थाएं मोबाइल कैंसर जांच वाहन के माध्यम से कैंसर रोग की रोकथाम में सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान के माध्यम से कैंसर रोग के उपचार में बहुत प्रगति हुई है। कैंसर रोगी में आत्मविश्वास जगाने की जरूरत है। उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम को बडे पैमाने पर आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

श्री नाईक ने कहा कि 21 वर्ष पहले उनको भी कैंसर हुआ था पर उन्होंने विदेश में इलाज न कराकर देश में इलाज कराया और वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। शहरों के लोग जागरूक होते हैं। हमें ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिला रोगियों के लिए कैंसर की जांच हेतु अलग से व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कैंसर एवं अन्य असंक्रामक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभाग करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं की सराहना भी की।

संस्था के अध्यक्ष डाॅ0 डी0पी0 गुप्ता ने बताया कि कैंसर ऐड सोसायटी संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त है तथा संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन की सदस्य है। उन्होंने बताया कि टाटा मेमोरियल हास्पिटल में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था को कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष डाॅ0 एस0सी0 मेहरोत्रा, सचिव श्री पीयूष गुप्ता, वरिष्ठ निदेशक श्री ओ0पी0 बेरी, निदेशक श्री राजेश यादव एवं निदेशक सुश्री त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल